तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार, 4 जुलाई 2024

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]



12 छात्रों का तिलक लगाकर किया अभिनंदन ...



12 कलेक्टर ने बैठक में साक्षरता उल्लास...




## खबर संक्षेप



### कलेक्टर जनदर्शन के आवेदनों पर निर्देश जारी

**कांकेर।** जिला कार्यालय में कलेक्टर जनदर्शन 2 जुलाई से पुनः प्रारम्भ हो गया है। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में जिले के आवेदकों ने अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर से मुलाकात की। प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में चारामा विकासखण्ड के ग्राम जेपरा निवासी रोहित कुमार, ग्राम कुरूभाट से अनूपा बाई तथा कांकेर के भाव सिंग नगर झुनियापारा से लक्षन्तीन यादव, राजापारा कांकेर से मीनाक्षी तिवारी, एकता नगर ठेलकाबोड़ से सुलोचना सोनी और जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज के सभी सफाई कर्मचारियों की ओर से आवेदन प्राप्त हुए हैं। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को कार्यवाही करने अग्रेषित किया।

### संपूर्णता अभियान पर कल होगी कार्यशाला

**दुर्गुकोंदल।** संपूर्णता अभियान 3 जुलाई 2024 के अंतर्गत एक दिवसीय संपूर्णता अभियान आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड मुख्यालय दुर्गुकोंदल में 5 जुलाई प्रात 10 बजे से सामुदायिक भवन दुर्गुकोंदल में आयोजित किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेंद्र बंजारे ने बताया उच्च कार्यालय केंद्र एवं राज्य कार्यालय के निर्देश के अनुसार नीति आयोग के तहत संपूर्णता अभियान के अंतर्गत चिकित्सा, शिक्षा, कृषि, स्व. सहायता समूह महिला एवं बाल विकास विभाग के संबंध में संपूर्णता अभियान विकासखंड स्तर पर किया जाना है, जिसमें सभी विभाग का कार्यों का स्टॉल लगाया जाएगा। इस संबंध में संबंधित विभाग को जानकारी दिया गया है।

### जमीन खुदाई पर विवाद पड़ोसियों पर मामला दर्ज



**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत ग्राम आंवरी में आने जाने वाले रास्ते जमीन खुदाई को लेकर पड़ोसियों में विवाद हो गया, विवाद बढ़ते बढ़ते मारपीट में तब्दील हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

चारामा थाना मे शिकायत करने पहुंचे ग्राम आंवरी निवासी 36 वर्षीय लेखूराम बंजारे पिता मेहत्तर राम ने पुलिस को बताया कि 1 जुलाई को सुबह 10 बजे संजय वर्मा, पूर्णिमा वर्मा और संतराम के मकान से लगे रास्ते जमीन को खुदाई कर रहे थे, जिसे मेरे द्वारा मना करने पर आरोपियों नें खुदाई करने से रोकने वाला तुम कौन होते हो कहकर सभी एक राय होकर गाली दिए और हाथ मुक्का व पत्थर से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दिए। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपीयों के खिलाफ धारा 296, 115 (2), 351 (2), 3 (5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### आदिवासी छात्र की पीट-पीटकर हत्या दुर्भाग्यजनक

**जगदलपुर।** रायपुर में बीते दिनों हुए छात्र की हत्या के मामले पर अभाविप छत्तीसगढ़ प्रान्त जनजाति छात्र कार्य सह प्रमुख एवं संयोजक वरुण साहनी ने जारी बयान छात्र की हत्या पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि रायपुर में बस्तर के आदिवासी छात्र मंगल मुरिया की हत्या दुर्भाग्यजनक है।

# हिंदू विरोध बयान पर मचा बवाल, राहुल गांधी का किया पुतला दहन

## विहिप, बजरंग दल व सर्व हिंदू समाज ने जताया आक्रोश ओर निकाली शवयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल व सर्व हिन्दू समाज कांकेर द्वारा सांसद राहुल गांधी के हिंदू विरोधी बयान के विरोध में पंचमुखी हनुमान मंदिर से पुराने बस स्टैंड तक शवयात्रा निकाली गई। हाथो में अग्नि का मटका लेकर बजरंगियों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया, शव यात्रा प्रारंभ होते ही जोरदार नारो के साथ मुख्य मार्ग होते पुराने बस स्टैंड में पुतला दहन 3 जुलाई को किया गया।

बजरंगदल प्रांत सह संयोजक शुभम नाग ने कहा कि भारत हिन्दुस्तानियों का राष्ट्र है। हिंदू धर्म से ही समूचे भारत को जाना जाता है, ऐसे में राहुल गांधी का इस तरह धर्म विरोधी कथन समूचे हिंदू समाज की भावना को आहत पहुंचाने वाला है। भविष्य में भी अगर कोई नेता व मंत्री इस तरह बयानबाजी





करेगा, तो उसके साथ भी इसी तरह शव यात्रा निकाल कर अपना विरोध दर्ज कराएगा। बजरंग दल अपने इस कथन के लिए राहुल गांधी को समूचे हिंदू समाज से माफी मांगनी चाहिए। इस कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद विभाग मंत्री अखिलेश चंद्रौल, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण साहू, जिला विधिक प्रकोष्ठ प्रमुख महेंद्र क्षत्रिय, बजरंगदल सह संयोजक मुन्ना तिवारी, जिला गौरक्षा प्रमुख कुशाल साहू, नगर अध्यक्ष समरेश चौहान, नगर उपाध्यक्ष जीतेन्द्र सोनी, नगर संयोजक विशाल गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष मनोज पटेल, उपाध्यक्ष गोपी तलवार, प्रखंड सहसयोजक अमर पटेल, प्रखंड गौरक्षा प्रमुख नीलकंठ मेश्राम,राघव श्रीवास्तव, लक्समीनारायण जैन, अमन सारथी, हर्ष विजय प्रकाश प्रदेश महासचिव शिवसेना, युवा सेना दिलीप यादव, दानेश कोर्राम, अक्षय मंडावी, समृद्ध शर्मा, हर्ष मरकाम, वैभव पाण्डेय, छोटू सेन, निखिल पाण्डेय, आदित्य चौधरी आदि कार्यकर्त्ता बंधु उपस्थित रहे।

## परिवार : पति की दूसरी शादी करने तथा प्रताड़ना से तंग आकर छोड़ना पड़ा ससुराल

# बिना तलाक अमोड़ा के शासकीय डाक्टर ने की दूसरी शादी : पहली पत्नी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पहली पत्नी के रहते अमोड़ा में पदस्थ शासकीय चिकित्सक मिथिलेश साहू के द्वारा दूसरी शादी रचाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पहली पत्नी ने कलेक्टर से शिकायत की थी। शिकायत में बयान देने के लिए पहुँची पहली पत्नी ने इस मामले को मीडिया के सामने खुलासा किया।

शिकायत पर चल रही जाँच में बयान दिलाने के लिए सीएमएचओ कार्यालय पहुँची महासमुंद निवासी डिगेश्वरी साहू ने मीडिया को बताया कि मेरी हिंदू रीति रिवाज से 26 मई 2023 को कांकेर जिले के अमोड़ा में पदस्थ शासकीय चिकित्सक डॉ मिथिलेश साहू के साथ विवाह हुआ था और मैं उसकी पहली पत्नी हूँ। मेरे परिजनों ने हैसियत के अनुसार वर पक्ष को दहेज भी दिया। शादी के कुछ दिनों तक सब ठीक ठाक रहा, कुछ समय बाद शासकीय चिकित्सक पति डा. मिथलेश साहू अपनी पत्नी डिगेश्वरी साहू को प्रताड़ति करना शुरू कर दिया। पहली पत्नी का दावा करने डिगेश्वरी ने बताया कि 13 अक्टूबर 2023 को डॉ. मिथलेश साहू के द्वारा अमोड़ा में शासकीय आवास में मेरे साथ बर्बरता से मारपीट किया और करीब 9 महीने बाद 5 फरवरी 2024 को डा. मिथलेश साहू ने डिगेश्वरी के साथ पुनः मारपीट की और उसे अपने मायके महासमुंद चले जाने कहा। पहली पत्नी प्रताड़ना सहते हुए भी चिकित्सक का साथ नहीं छोड़ी। चिकित्सक की दूसरी शादी होने की जानकारी मिलने के बाद वह महासमुंद वापिस आ गई और परिजनों से सलाह लेकर सभी जगह शिकायत किया।

### पहली पत्नी पर दबाव बनकार छुड़वाई नौकरी



महासमुंद निवासी डिगेश्वरी साहू शादी से पहले महासमुंद जनपद पंचायत में वर्ग 03 के पद पर कार्यरत थी। इसी दौरान चिकित्सक डा. मिथलेश साहू के संपर्क में आई और चिकित्सक ने शादी का झांसा देकर युवती से मेलजोल बढ़ाया और हिंदू रीति रिवाज से शादी भी रचा ली। शादी के बाद चिकित्सक ने डिगेश्वरी को सरकारी नौकरी छोड़ने के लिए शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ति किया। प्रताड़ना से तंग आकर पहली पत्नी ने नौकरी से इस्तीफा दे दिया और अब उसका जीवन जीना मुश्किल हो गया है।

### चिकित्सक ने आर्य समाज में की दूसरी शादी

पीड़ित पहली पत्नी ने दावा किया कि चिकित्सक डा. मिथलेश साहू ने पहली पत्नी के रहते दूसरी युवती से आर्य समाज रायपुर में शादी रचाई। पहली पत्नी ने दावा किया है कि 8 जनवरी 2024 को उसके पति डा. मिथलेश साहू ने धमतरी निवासी सृष्टि साहू के साथ दूसरी शादी कर लिया, इसके लिए उन्होंने न तो उनसे तलाक लिया और न हीं जानकारी दी, जबकि मेरे से शादी के पहले उक्त युवती से सामाजिक रीति रिवाज से होने वाली शादी से इंकार कर दिया था।

### दूसरी पत्नी को भी दे चुका है धोखा

चिकित्सक डा. मिथलेश साहू ने न केवल पहली पत्नी को अंधेरे में रखकर धोखा दिया बल्कि दूसरी पत्नी को भी धोखा दे चुका है। चिकित्सक की पहली पत्नी ने बताया कि 16 फरवरी 2023 को डॉं. मिथलेश साहू का विवाह धमतरी निवासी सृष्टि साहू के साथ तय हुआ था, लेकिन विवाह के एक दिन पूर्व चिकित्सक डॉं. साहू ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए शादी करने से इंकार दिया। शादी नहीं होने पर वर व वधु पक्षों की बीच राजीनामा हुआ और युवती सृष्टि साहू के पिता प्रेमनारायण साहू ने शादी में हुए खर्च की राशि लेते हुए भविष्य में डिगेश्वरी साहू के साथ विवाह करने पर किसी प्रकार का रूकावट व हस्तक्षेप नहीं करने का राजीनामा हस्ताक्षर किया गया है।

### कॉल नहीं किया रिसीव

पहली पत्नी डिगेश्वरी के द्वारा चिकित्सक डॉं. मिथिलेश साहू के द्वारा दूसरी शादी करने का दावा करने के आरोप पर हरिभूमि ने डॉं. मिथिलेश साहू के मोबाईल नंबर 9302928626 पर बातचीत करने के लिए कॉल किया, परंतु उनके द्वारा कॉल रिसीव नहीं करने के कारण उनका बयान नहीं मिल सका।

# स्टेट बैंक पखांजूर में केवायसी में लेट से हितग्राही हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



पखांजूर क्षेत्र में एकमात्र एसबीआई बैंक होने के कारण सुबह से ही बहुत ही भीड़ हो जाती है, कई हितग्राही केवायसी के लिए तीन-चार दिन से भटकते रहते हैं, परंतु केवायसी नहीं होता है। बैंक प्रबंधन की लापरवाही के कारण आम आदमी परेशान होता रहा है।

जानकारी के अनुसार पखांजूर एसबीआई बैंक में केवायसी का एकमात्र ही काउंटर होने के कारण भारी दिक्कतों का सामान आमजनता को करना पड़ता है, आलम यह होता है कि सुबह से आए हितग्राही थककर परेशान हो जाते हैं, लेकिन उनका केवायसी नहीं हो पाता है। 3 जुलाई को एसबीआई कर्मचारी काउंटर नंबर दो में पदस्थ हुसैन ने तो हितग्रही से बहुत ही ज्यादा बदतमीजी एवं आवाज ऊंची करके बात किया, जिस हितग्राही बहुत ही नाराज हुए, जिसकी शिकायत करने बैंक मैनेजर तक पहुंच गए, लेकिन मैनेजर भी गोल-माल जवाब देते रहे। केवायसी के लिए सुबह से लाइन लगे हुए हितग्राही आखिरी वक्त कुछ ही लोग बचे थे, तब काउंटर नंबर दो के कर्मचारी हुसैन ने काउंटर छोड़कर चले गए और कहने लग मेरा ड्यूटी खत्म हो गया। इसके बाद हितग्राहियों ने बैंक मैनेजर से माँग किया कि कुछ लोग केवायसी के लिए बचें है, उनका केवायसी करवा दीजिए। बैंक मैनेजर ने अकाउंटेंट को कहा कि कुछ ही लोग बचे हैं, उनका केवायसी कर दो, कुछ देर बाद अकाउंटेंट ने जवाब दिया कि कोई भी कर्मचारी नहीं है, सब चले गए। केवायसी के लिए बैंक पहुँचे हितग्राही तुलसी हरिदासी, मंजू, सविता, गौरी, वरुण से पूछा तो उन्होंने काउंटर नंबर दो के हुसैन नामक बैंक कर्मचारी की हितग्राही से बदतमीजी से बात करने के बारे में जानकारी दिया एवं यह भी कहा कि यह एसबीआई के कर्मचारी हमेशा हितग्राहियों से ऐसे ही बदतमीजी से पेश आते हैं, हम करें तो क्या करें, पखांजूर क्षेत्र में एक मात्र ही एसबीआई बैंक है, इस कारण से हमें मजबूरन यहीं आना पड़ता है। इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष मोनिका शाह ने बताया कि शिकायत मुझे मिली है, इस समस्या का जल्दी ठीक किया जाएगा एवं उच्च अधिकारी से बात किया जाएगा।

# मेडिकल कॉलेज का कलेक्टर ने किया निरीक्षण व सुनीं स्टाफ की समस्याएं

**कांकेर।** मेडिकल कॉलेज के पूरे परिसर का कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर ने 3 जुलाई को निरीक्षण किया और वहां उपस्थित स्टाफ से चर्चा कर उनकी विभिन्न मांगों व समस्याओं से रूबरू हुए। इस दौरान कलेक्टर ने ग्राम तेलगरा के समीप प्रस्तावित कॉलेज के लिए आबंटित भूमि का मौके पर मुआयना कर अधिकारियों से आने वाली दिक्कतों की पूरी जानकारी लिया।

नंदनमारा के छोटेपारा में स्थित शासकीय चिकित्सा शिक्षा महाविद्यालय में कलेक्टर औचक 3 जुलाई को दोपहर 12 बजे पहुंचे, जहां पर उन्होंने परिसर में स्थित क्लास रूम, प्रयोगशाला, टेक्निकल इंस्ट्रुमेंट्स कक्ष सहित विभिन्न कमरों का निरीक्षण किया तथा सभी





जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संस्था के अधिष्ठाता को दिए। इस दौरान उन्होंने मेडिकल इक्विपमेंट्स सहित अन्य तकनीकी उपकरणों का समुचित ढंग से रखरखाव और आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया। इसके बाद कलेक्टर ने वहां के सभाकक्ष में बैठक ली तथा अधिकारियों व स्टाफ की विभिन्न मांगों व समस्याओं की जानकारी लिया। उन्होंने अलग-अलग आवश्यकताओं के अनुरूप पृथक आबंटन हेतु प्रस्ताव तैयार करने तथा चिकित्सा शिक्षा संचालनालय में पत्राचार करने के निर्देश संस्था के डीन ▶▶| शेष पेज 10 पर

### प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज का लिया जायजा

रायपुर रोड पर स्थित ग्राम तेलगरा के समीप प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज के लिए आरक्षित भूमि का निरीक्षण कर इसके निर्माण में आने वाले भूखण्ड को अधिग्रहण करने से पूर्व भूमिस्वामी को उचित क्षतिपूर्ति राशि देने तथा किसानों से मिलकर परस्पर समन्वय स्थापित करने के निर्देश एसडीएम चारामा को दिए। इसके पश्चात उन्होंने जिला चिकित्सालय के लिए नवीन स्थल का प्रस्ताव करने के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को स्थल का चयन करते हुए एवं आवश्यक कार्यवाही करने के लिए भी निर्देशित किया।

# हर्रा, बहेडा, आंवला, अर्जुन व महुआ पौधे का किया रोपण, आएगी आर्थिक समृद्धि

**कांकेर।** वनमंडल कांकेर के परिक्षेत्र सरोना में वनमंडल स्तरीय रोपण प्रशिक्षण सह प्रदर्शन कार्यक्रम आर.एफ./54 मावलीपारा में विधायक आशाराम नेताम के मुख्य आतिथ्य, सीसीएफ दिलराज प्रभाकर की अध्यक्षता और वनमंडलाधिकारी आलोक बाजपेयी के विशेष आतिथ्यि में हुआ।

मावलीपारा में आयोजित वनमंडल स्तरीय रोपण प्रशिक्षण सह प्रदर्शन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से उपस्थित विधायक व अन्य अतिथियों ने पौधारोपण किया और कहा कि वृक्षों के महत्व के बारे में समझाते हुए आव्हान किया कि हम लोगों के द्वारा रोपित एक-एक पौधा हमारे बच्चों का भविष्य है। इसलिए हम सभी को कम से ▶▶| शेष पेज 10 पर



### जवाहर नवोदय विद्यालय करप में पौधारोपण

मावलीपारा कार्यक्रम के उपरांत विधायक व अन्य अतिथि पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय करप में भी वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण करते हुए विद्यालय परिवार से विधायक ने कहा कि इन पौधों को बचाने की जिम्मेदारी आप सबकी है। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू, उपसरपंच हनुमान प्रसाद पाण्डेय, नारायण कोसमा, पुनारद साहू, कौशल नागवंशी, रोहिदास साहु, दुकालू राम उईके, शिवन रावटे, जितेन्द्र मरकाम, चेतन भुआर्य एवं ग्रामीणों के अलावा पीएमश्री जवाहर विद्यालय करप में प्रभारी प्राचार्य, समस्त स्टाप के अलाव वन विभाग से जसवीर सिंह मरावी, रामेश्वर मरकाम, अब्दुल रहमान खान, शंकर दास एवं वनमंडल के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्लास्टिक बैग भूमि को प्रदूषित और जलमार्ग को करते हैं अवरूद्ध

# थैली मुक्त दिवस कार्यक्रम में विभाग व पर्यावरणविदों की सहभागिता जीरो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अंतर्राष्ट्रीय थैली मुक्त दिवस 3 जुलाई को मनाया जाता है, परंतु

- अपशिष्ट वन्यजीवों को नुकसान पहुंचाता है एवं पारिस्थितिक तंत्र होता है बाधित

पर्यावरण की दुश्मन थैली से मुक्ति को लेकर किसी भी संस्था, पर्यावरणविद व जिम्मेदार विभाग के द्वारा कोई जागरूकता कार्यक्रम नहीं चलाया, यहाँ तक 3 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय थैली मुक्ति दिवस है, यह भी कई संस्थाएं नहीं जानते है। दुकान से सामान खरीदते



समय प्लास्टिक के बैग हो या किसी भी प्रकार की पॉलीथीन का बैग का उपयोग नहीं करना चाहिए, दोनो ही पर्यावरण के लिए हानिकारक है। इसके अलावा पर्यावरण पर डिस्पोजेबल प्लास्टिक बैग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने हर साल 3 जुलाई को प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया जाता है। यह दिन वैश्विक स्तर पर व्यक्तियों, समुदायों और व्यवसायों के लिए प्लास्टिक बैग के उपयोग को कम करने और अधिक टिकाऊ विकल्पों को पता लगाने के लिए एक तरह का कार्य करता है, परंतु संबंधित विभाग और जिले के पर्यावरण से जुड़े लोग इस ओर इस विशेष दिन पर ध्यान नहीं दिया और न ही कोई जागरूकता कार्यक्रम किया। यह दिन वैश्विकर स्तर पर व्यक्तियों, समुदायों और व्यवसायों के। के लिए प्लास्टिक बैग के उपयोग को कम करने और अधिक टिकाऊ विकल्पों का पता लगाने के लिए एक तरह कार्य करता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य एक साझा जागरूकता को बढ़ावा देना है, जो व्यक्तियों और समुदायों को प्लास्टिक बैग पर अपनी निर्भरता कम करने और टिकाऊ विकल्प की प्रेरित करता है।

### प्लास्टिक बैग से पृथ्वी को मुक्त करने कदम उठाएं

*प्लास्टिक बैग एक गंभीर पर्यावरणीय चिंता का विषय है। यह भूमि को प्रदूषित करते हैं, साथ ही जलमार्गों को भी अवरुद्ध करते हैं। प्लास्टिक बैग अपशिष्ट न केवल वन्यजीवों को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि पारिस्थितिक तंत्र को भी बाधित करता है। अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस इस समस्या को हल करने की तात्कालिकता पर प्रकाश डालता है और व्यक्तियों, समुदायों और व्यवसायों को स्थायी विकल्पों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है, परंतु इस दिवस को लेकर कांकेर में किसी में जागरूकता नहीं दिखी।*

### घर में घुसकर पति पत्नी से मारपीट, एफआईआर दर्ज

**कांकेर।** पखांजूर थाना में शिकायत करने पहुंचे ग्राम पीव्ही 4 विवेकानंद नगर निवासी 28 वर्षीय सारथी मण्डल पति विप्लव मण्डल ने पुलिस को बताया की 2 जुलाई को शाम करीबन साढ़े 5 बजे मैं घर पर अकेली थी, मेरे पति गांव के दुकान में सामान लाने के लिया गया था, उसी समय हमारे गांव के समीर विश्वास, प्रदीप विश्वास, प्रतिमा विश्वास और टुली विश्वास पुराने विवाद एवं मकान खरीदी बिक्री की विवाद को लेकर मेरे घर के सामने मुझे और मेरे पति को गाली दे रहे थे। घर के अंदर सभी को आग लगाकर जला देने की बात कर रहे थे। प्रतिमा विश्वास और टुली विश्वास मेरे घर के अंदर घुस गए और मेरे बाल को पकड़कर खींचते हुए आंगन में लाकर हाथ ▶▶| शेष पेज 10 पर


पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय दल गठित नियंत्रण कक्ष स्थापित

**कोण्डागांव।** खरीफ एवं रबी फसल वर्ष 2024–25 के लिए जिले में कृषि आदान सामग्रियों जैसे बीज, उर्वरक, कीटनाशक औषधी, कल्चर आदि के गुण नियंत्रण, भण्डारन, वितरण एवं कीट व्याधि नियंत्रण के लिए समय–समय पर क्षेत्र निरीक्षण एवं सलाह जिला स्तरीय दल एवं नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। इस नियंत्रण कक्ष में नोडल अधिकारी के रूप में सहायक संचालक कृषि अधिकारी डीके शर्मा एवं सहायक नोडल कृषि विकास अधिकारी आनंद नेताम को नियुक्त किया गया है। नियंत्रण कक्ष में सहायक के रूप में कृषि विकास अधिकारी शशिकांत नाग, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी विश्वनाथ मरकाम, फेसिलेटर भूपेन्द्र कुमार देवांगन वाहन चालक फगनू मरकाम एवं भृत्य अरूण कुमार मानिकपुरी को नियुक्त किया गया है। इस नियंत्रण कक्ष के माध्यम से कृषक अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को दर्ज करा सकते हैं।



### दिव्यांग हेमबाई को मिली स्मार्ट श्वेत छड़ी

**धमतरी।** जिले के आमजनों की समस्याओं, मांग, शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर नम्रता गांधी निरंतर प्रयास करती आ रही हैं। ऐसे ही एक आवेदन धमतरी विकासखण्ड के ग्राम रांवा की शत-प्रतिशत दृष्टिबाधित दिव्यांग श्रीमती हेमबाई साहू ने बीते दिनों जनदर्शन में प्रस्तुत किया। इस पर कलेक्टर ने आवेदिका को तत्काल स्मार्ट श्वेत छड़ी प्रदान करने के निर्देश समाज कल्याण विभाग को दिए। समाज कल्याण की ओर से कलेक्टर ने आवेदिका को श्वेत छड़ी प्रदान की। इस अवसर पर कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि वे दिव्यांगजनों को लाभान्वित करने पहल करें।

### आंगनबाड़ी सहायिका के लिए आवेदन 16 तक

**धमतरी।** एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी ग्रामीण के तहत मोंगरागहन सेक्टर के ग्राम कोड़ेगांव बी स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती के लिए 16 जुलाई तक आवेदन मंगाए गए हैं। परियोजना अधिकारी ने बताया कि इच्छुक आवेदिका सभी प्रमाण-पत्र के साथ कम्पोजिट भवन के पास स्थित एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी ग्रामीण कार्यालय में उपस्थित होकर आवेदन जमा कर सकती हैं।

### दावा-आपत्ति 17 तक मंगाई गई

**धमतरी।** धमतरी तहसील के असर्वेक्षित ग्राम जोगीडीह, पटवारी हल्का नंबर 40 रानिम कोलियारी का राजस्व सर्वेक्षण के बाद दल द्वारा तैयार किए गए नवीन राजस्व अभिलेखों का प्रथम प्रकाशन संबंधित ग्राम पंचायत लीलर में किया गया। प्रथम प्रकाशन अवधि के दौरान नवीन राजस्व अभिलेख के अवलोकन के लिए सामुदायिक भवन ग्राम जोगीडीह में उपलब्ध रहेगा। नायब तहसीलदार धमतरी ने कहा कि जिला सर्वेक्षण दल द्वारा निर्मित ग्राम जोगीडीह के नवीन राजस्व अभिलेखों पर यदि किसी भी व्यक्ति को दावा अथवा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह 17 जुलाई के भीतर लिखित अथवा मौखिक आवेदन कार्यालयीन समय में स्वयं या अपने अभिभाषक के जरिए सामुदायिक भवन जोगीडीह में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

### सिंधौरी खुर्द में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**कुरूद।** शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक शाला सिंधौरी खुर्द में शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। शाला विकास समिति के सदस्य व अध्यक्ष तथा सरपंच की उपस्थिति में नवप्रवेशी बच्चों को गणवेश, पाठ्यपुस्तक का वितरण किया गया। प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियो को पेन, पानी बॉटल प्रोत्साहनस्वरूप दिया गया।

# शिक्षा के चमत्कार से जीवन होता है रौशन और समाज करता है तरक्की

## ग्राम बड़े खौली में ब्लाक स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनौरा

दुनिया का सबसे बड़ा जादू- चमत्कार व हकीकत शिक्षा है। शिक्षा को जो अपनाता, वह उसके जीवन में विकास और खुशहाली स्वतः आ जाती है । केशकाल ब्लाक के ग्राम बड़े खौली में आयोजित ब्लाक स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव के मुख्य अतिथि के आसंदी से संबंधित करते हुए क्षेत्र के विधायक नीलकंठ टेकाम ने शिक्षा के महत्व को बताते हुए बच्चों को मन लगाकर पढ़ने की समझाइश दी। बच्चों के माता- पिता तथा पालकों को अपने बच्चों की पढ़ाई की तरफ पूरा ध्यान दें। बच्चों को पढ़ाने वाले शिक्षक- शिक्षिकाओं को पूरे मनोयोग से बच्चों के भविष्य को संवारने में अपना पूरा योगदान देने का अनुरोध किया।

इस अवसर पर शालेय बच्चों ने गीत संगीत नृत्य के साथ स्वागत गीत एवं शिक्षाप्रद प्रेरक कार्यक्रम पेश करके अतिथियों को प्रभावित किया। जनपद सदस्य विरेंद्र बघेल वरिष्ठ पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता कृष्णदत्त उपाध्याय एवं अध्यक्षता कर रहे सरपंच जयेश उईके ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के शुभारंभ होने पर खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री मंडावी ने स्वागत भाषण दिया । कार्यक्रम का संचालन खण्ड समन्वयक प्रकाश साहू ने किया।

### पालक दें ध्यान

विधायक श्री टेकाम ने कहा कि ग्राम प्रमुखों एवं बच्चों के माता- पिता एवं पालकों को कहा कि आप अपने बच्चों की पढ़ाई के बारे जानने समझने और स्कूल की शिक्षा व्यवस्था ठीकठाक चलता रहे। इसके लिए समय-समय पर स्कूल में होने वाली बैठकों अवश्य सहभागी बना करें । इस अवसर पर विधायक ने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर फूलमाला पहनाकर तथा पाठ्य सामग्री पुस्तक बस्ता देकर स्वागत और उत्साहवर्धन भी किया। इसके साथ ही बालिकाओं को साइकिल वितरण कर पौधारोपण भी किया।



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में ग्राम पटेल मांझी मुखिया पुजारी, भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष दीपक श्रवण पूर्व जनपद उपाध्यक्ष रमेश यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामलाल सलाम पूर्व सरपंच संतोष उईके पूर्व जनपद उपाध्यक्ष मनसुख भूरट जनपद सदस्य रोहित नाग, मंडल महामंत्री श्रीराम यादव,रूपनारायण जैन, कैलाश कुंजाम ,जनपद सदस्य रमशिला कोर्राम सहित अंचल के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## कार्रवाई : 4 दुकान संचालकों को किया नोटिस जारी

# कृषि सामग्री की दुकानों पर मारा छापा, नकली सामान किया जब्त, दो दुकानें 21 दिनों के लिए बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंडागांव/ फरसगांव

जिले के किसानों को गुणवत्ता खाद-बीज की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। आज कृषि विभाग के अधिकारियों ने उप संचालक डीपी तांडे के नेतृत्व में जिले की दुकानों में छापा मारा और जांच की। इनमें दो दुकानों में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर 21 दिन के लिए बंद करने का आदेश दिया। वहीं 4 दुकान संचालकों को नोटिस जारी किया है। बताया जा रहा कि नकली कृषि सामग्री बेचने का भी काम किया जा रहा था।

■ बिना प्रमाणपत्र बीज भी बेचा जा रहा था

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को दुकानों की जांच के दौरान लंजोड़ा स्थित नमन कृषि केन्द्र और फरसगांव स्थित विकास कृषि केन्द्र में बिना स्त्रोत प्रमाण पत्र के बीजों का विक्रय करते हुए पाया गया। इस कारण इन दुकानों को 21-21 दिनों के लिए बंद रखने का आदेश जारी किया गया। इसके साथ ही फरसगांव स्थित सिन्हा खाद भंडार में किसानों को सामग्री की बिल नहीं दिए जाने तथा फरसगांव की दास एग्रो एजेंसी, बहीगांव की रमेश कृषि केन्द्र व जीएन कृषि केन्द्र में मूल्य सूची का प्रदर्शन नहीं किए जाने के कारण नोटिस जारी किया गया है।






### कार्रवाई जारी रहेगी

*कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया है कि कृषि दुकानों में छापा व जांच की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य दुकानकार नियमों के अनुसार दुकानों का संचालन करें। इसके साथ किसानों को सही सामग्री, अच्छे दामों में उपलब्ध हो सके। कार्रवाई से किसानों में भी हर्ष है। उनका कहना था कि लगातार जांच से सही सामग्री हम लोगों को मिल सकेगी।*

## नपं वार्ड-नौ की जनता से आरक्षण पर लगाई गुहार



**चारामा।** जनसंख्या जनगणना का आरक्षण तय करने को लेकर नगर पंचायत चारामा के वार्ड क्रंमाक 09 के वार्डवासीयों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौपा हैं। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि नगर पंचायत के वार्ड क्रंमाक 09 डा. भीमराव अम्बेडकर वार्ड में अनुसूचित जाति के व्यक्तियों द्वारा ही नगरीय पाषर्द चुनाव में भाग लिया जाता है। लेकिन वर्तमान मे अन्य पिछडा वर्ग एवं सामान्य की जन संख्या 70 प्रतिशत से अधिक हैं। इस कारण जनसंख्या जनगणना कराकर जनसंख्या जातिगत के आधार पर उचित कार्यवाही कर वर्तमान मे सीट आरक्षित में बदलाव करने के लिए वार्डवासियों ने गुहार लगाई हैं। नगर पंचायत के वार्ड क्रंमाक 09 के कुमार देवागन ने कहा कि अधिकारी व प्रसाशन को 15 वर्शो से उक्त समस्या को लेकर लिखित व मौखिक आवेदन कलेक्टर एवं नगर पंचायत चारामा को वार्डवासियों द्वारा दिया गया है। वर्तमान में वार्ड क्रंमाक 09 में कुल अनुमानित 400 मतदाता हैं, जिसमें से पिछडा वर्ग एवं सामान्य मिलाकर 70 प्रतिशत मतदाता है। एससी मतदाता 10 प्रतिशत, एसटी व अन्य 10 प्रतिशत हैं एवं शासन प्रसाशन को आवेदन के माध्यम से अवगत कराया गया। लेकिन हर बार झुठा आस्वासन दे दिया जाता हैं। इससे पहले भी वार्डवासियो द्वारा 24 अगस्त 2023 को कलेक्टर को आवेदन दिया गया हैं, जिसमे वार्ड क्रंमाक 09 के दुर्गा प्रसाद देवांगन, कोमल, दिनेश कुमार, चमन देवागन, चन्द्रहास देवागन, सुरेन्द्र कुमार, देवेन्द्र देवांगन, सिसेष्वरी, कामिनी, धनेष्वरी, रितु देवागन, भुनेष्वरी देवागन, सीमा देवागन, हेमलता देवागन, लक्ष्मी देवागन, पूर्णिमा त्रिवेनी उपस्थित रहे।

# स्कूलों में विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाएं

## कलेक्टर ने आत्मानंद स्कूल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बुधवार को माकड़ी विकासखण्ड स्थित बोरण्ड स्थित प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शाला व शामपुर स्थित स्वामी आत्मानंद विद्यालय का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शालाओं में नियमित कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। कोई भी छात्र पढ़ाई से वंचित न रहे और भविष्य का निर्माण किया जा सके। उन्होंने शिक्षकों को विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान विद्यालयों में बिजली, पंखों की आवश्यकता अनुसार मरम्मत का कार्य तुरंत करने के निर्देश भी दिए।

स्वामी आत्मानंद स्कूल शामपुर में अतिरिक्त कक्ष के निर्माण की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर करते हुए निर्माण एजेंसी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अनुविभागीय दण्डाधिकारी सुश्री निकिता मरकाम, जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक, शिक्षा मिशन के जिला मिशन समन्वयक महेन्द्र पाण्डे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरके सिंह, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता एआर मरकाम सहित अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे।





# केरावाही में स्वास्थ्य जांच शिविर हुआ शामपुर आरोग्य मंदिर का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बुधवार को केरावाही ग्राम पंचायत भवन में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर तथा शामपुर में आरोग्य मंदिर का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने केरावाही में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे सभी ग्रामीणों को स्वास्थ्य जांच का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने यहां प्रदान किए जा रहे आयुष्मान कार्ड सेवा के संबंध में भी जानकारी ली। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बताया गया कि राशन कार्ड में नाम दर्ज नहीं होने अथवा आधार कार्ड अपडेट नहीं होने के कारण लगभग सौ हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाया है। कलेक्टर ने सभी हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाने के साथ ही यहां आधार कार्ड अपडेट करने तथा राशन कार्ड में सदस्य के नाम जोड़ने के लिए संबंधित विभाग के कर्मचारियों को यहां सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए। शामपुर स्थित आरोग्य मंदिर में कलेक्टर ने यहां उपलब्ध सेवाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने यहां प्रयोगशाला में सीबीसी की जांच की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके साथ ही यहां कोल्ड चेन प्वाईंट व प्रसूति कक्ष का निरीक्षण भी किया। उन्होंने यहां बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करते हुए क्षेत्रीय ग्रामीणों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यहां रोगों की जांच व उपचार कराने पहुंचे मरीजों से भी बातचीत करते हुए आरोग्य मंदिर में उपलब्ध कराई जाने वाली सेवा की गुणवत्ता के संबंध में प्रतिक्रिया भी ली।

■ लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराएं: कलेक्टर



### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अनुविभागीय दण्डाधिकारी सुश्री निकिता मरकाम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक, शिक्षा मिशन के जिला मिशन समन्वयक महेन्द्र पाण्डे, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता मरकाम सहित अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दिलाई वृक्षों के संरक्षण और संवर्धन की शपथ

# कलेक्टर ने छोटे सलना में किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने छोटे सलना में पौधरोपण किया। उन्होंने यहां चीकू का पौधा लगाया। सरपंच मोहन्तीन ने नारियल का पौधा व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने आम का पौधा लगाया। इसके साथ ही उपस्थित जनप्रतिनिधि, ग्रामीण, स्कूली बच्चे और अधिकारी–कर्मचारियों ने भी पौधा लगाया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री दुदावत ने वृक्षों के संरक्षण और संवर्धन की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि प्रकृति का संरक्षण हम सभी का दायित्व है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर पूरे जिले में पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है, जिससे हमारा जिला हरा–भरा हो। इसी कड़ी में आज यहां पौधारोपण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी अपने–अपने घरों में एक–एक वृक्ष लगाएं और उसकी रक्षा करें। इससे हमारा गांव, विकासखण्ड और पूरा जिला हरा–भरा हो जाएगा। उन्होंने इस दौरान कहा कि वृक्षारोपण के समय अपनी एक फोटो अवश्य खिचाएं और जब यह पौधा बड़ा होकर वृक्ष बन जाए, तब आज के इस दिन को याद करें। इससे आपके मन में अवश्य खुशी का संचार होगा। उन्होंने कहा कि 'एक वृक्ष मां के नाम' से संचालित इस अभियान के माध्यम से हम अपने पालकों को समर्पित एक वृक्ष लगाएंगे, जो प्रकृति को हरी–भरी और सुंदर बनाएगी। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अनुविभागीय दण्डाधिकारी सुश्री निकिता मरकाम, जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक, शिक्षा मिशन के जिला मिशन समन्वयक महेन्द्र पाण्डे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरके सिंह, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री मरकाम सहित अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे।





## पेज 9 के शेष...

### मेडिकल कॉलेज का ...

और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे को दिए। साथ ही छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक इंतजाम करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। विशेष तौर पर कन्या छात्रावासों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से चौबीसों घण्टे निगरानी करने के लिए कलेक्टर ने निर्देश दिए। इसके अलावा प्रशासनिक एवं अकादमिक रिक्त पदों की पूर्ति, स्टाफ के लिए शासकीय आवास, शुद्ध पेयजल के लिए आरओ की व्यवस्था, साफ-सफाई, विद्युत आदि के लिए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की उपलब्धता जैसी विभिन्न मांगों से कलेक्टर को अवगत कराया जिस पर उन्होंने कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश सीएमएचओ को दिए। इस अवसर पर डीएफओ आलोक बाजपेयी सहित मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर पर स्टाफ मौजूद थे।

### हर्रा, बहेडा, आंवला...

कम एक पौधा रोपण कर उसका संरक्षण और संवर्धन करना है, ताकि पर्यावरण का सुधार एवं जैविविधता प्रबंधन में सहयोग मिल सके। अध्यक्षता की आसंदी से सीसीएफ दिलराज प्रभाकर ने कहा कि विभाग पौधारोपण की व्यवस्था आप सबके भविष्य के लिए कर रहा है, इसे बचाने का संकल्प आप सभी गांव वालों को करना चाहिए। विशेष अतिथि की आसंदी से वनमंडलाधिकारी आलोक बाजपेयी ने कहा कि इस रोपण क्षेत्र में लघु वनोपज एवं औषधि प्रजाति जैसे हर्रा, बहेडा, आंवला, अर्जुन, महुआ आदि का रोपण किया जाना है, जो भविष्य में ग्रामीणों के आय वृद्धि का साधन होगा।

### घर में घुसकर पति...

मुक्का से मारपीट किए, तभी मेरे पति आकर मुझे छुड़ाया तो उसका कालर पकड़कर लिए और बाल को खींचकर हाथ मुक्का से मारपीट किए। मारपीट करने से मेरे सिर और दाहिने हाथ में चोट आई हैं। घटना को जयदेव विश्वास, विप्लव विश्वास देखे सुने हैं। प्रार्थिया की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 331 (3), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## खबर संक्षेप

### पौधा तुंहर द्वार योजना प्रारंभ

**दंतेवाड़ा।** वनमण्डल दन्तेवाड़ा से प्राप्त जानकारी अनुसार पौधा तुंहर द्वार योजना के तहत पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी 1 जुलाई 2024 से निशुल्क पौधा वितरण कार्यक्रम जिला मुख्यालय स्तर पर शासकीय वाहनों के माध्यम से घर पहुंच पौधा प्रदाय सेवा प्रारंभ कर दी गई है। अतः इच्छुक व्यक्ति जो अपने घर या घर के आस-पास हरियाली लाने के लिए पौधों का रोपण करना चाहते है, तो दन्तेवाड़ा वनमण्डल से फलदार प्रजाति के पौधे प्राप्त कर सकते है।

### जल संरक्षण के उपायों पर हुआ विचार मंथन



**दंतेवाड़ा।** जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में आज क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी और अधिकारियों के मध्य जिला में घटते भू-जल स्तर तथा जल संरक्षण के उपायों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर विधायक अटामी ने अपने हालिया केरल प्रवास के दौरान विभिन्न स्थानों जैसे सेंट जेवियर्स स्कूल पेयाड, कल्लिकाविलामाम, अम्बालाथिनकला, कुलथुम्मेल हाई स्कूल (वैल रिचार्जिंग) मायलाडी तालाब में वहां के स्थानीय समुदाय द्वारा जल संरक्षण हेतु किये गये कार्यों और इस कार्य में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता से जल बचाने और इन प्रयासों से भूमिगत जल स्तर के मुहिम को अधिकारियों संग साझा किया और बताया कि वहां के शालेय संस्था सोलर एनर्जी से संचालित है और ग्रामीण क्षेत्रों के तालाबों में मत्स्य पालन को अधिक से अधिक किया जाता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के गांव एवं वनांचलों में अब भू-जल स्तर तेजी से गिर रहा है। पहले 300 फीट तक भी जल या पानी उपलब्ध हो जाया करता था। लेकिन अब 500 में जल उपलब्ध हो रहा है, इसका अर्थ है कि हमें अब भूमिगत जल स्तर बढ़ाने के लिए सामुदायिक स्तर पर प्रयास करना होगा।

### तेंदूपत्ता संग्राहक को राशि का कलेक्टर ने किया भुगतान



**बीजापुर।** छग सरकार ने स्थानीय तेंदूपत्ता संग्राहकों की मांग पर पारिश्रमिक राशि का नगद भुगतान की स्वीकृति पश्चात भुगतान की कार्यवाही देखने कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने गंगालुर और चेरपाल में आयोजित कार्यक्रम का औचक निरीक्षण किया। सुदूर क्षेत्र चेरपाल और गंगालूर में नगद राशि प्राप्त करने बड़ी संख्या में तेंदूपत्ता संग्राहक पहुंचे। चेरपाल में कलेक्टर ने भीमा गायता को अपने हाथों से पारिश्रमिक राशि का लिफाफा दिया। सुशीला गायता नगद राशि पाकर खुश हुई और उन्होने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद दिया और कहा कि इस राशि का उपयोग मैं अपने खेती बाड़ी में करूंगीं। गंगालूर में पुसनार समिति के फड़ मल्लूर, नैलपाल, हिमगुड़ा एवं अन्य फड़ों को नगद भुगतान की कार्यवाही की जा रही थी। जिसकी पारदर्शिता के लिए कलेक्टर ने मौके पर मुआयना कर भुगतान की कार्यवाही को देखा।

## हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ शाला प्रवेश उत्सव

# शिक्षा के क्षेत्र में सुकमा आज नित नये आयाम स्थापित कर रहा : धनीराम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

नए शिक्षा सत्र की शुरूआत को एक उत्सव के रूप में मनाते हुए बुधवार को विकासखंड मुख्यालय कोंटा के स्वामी आत्मानंद सभागार में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।

विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर व फूल चढ़ाकर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात सभी अतिथियों ने बच्चों को तिलक चंदन लगाकर, निशुल्क ड्रेस एवं पाठ्य पुस्तक वितरण कर, मुंह मीठा करा कर उनका स्वागत किया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी पी. श्रीनिवास ने स्वागत प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आकांक्षी विकासखंड कोंटा में शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयासों एवं छात्र हित में शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दिये।

**बच्चे देश का भविष्य**

*विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव के मुख्य अतिथि धनीराम बारसे ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं। जिस उम्मीद के साथ अभिभावक अपने बच्चों को विद्यालय भेजते हैं, निश्चय ही इस उम्मीद की पूर्ति आप शिक्षक ही कर सकते हैं, शिक्षक ही राष्ट्र के निर्माता होते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सुकमा आज नित नये आयाम स्थापित कर रहा है। सुकमा की एक नई पहचान उभर कर सामने आ रही है, एक सुंदर सुकमा की परिकल्पना साकार हो रही है।*

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सोयम मुका ने कहा कि बच्चे कल देश संभालेंगे। देश का भविष्य है, उनकी नीव मजबूत होनी चाहिए। हमारी सरकार सबको अच्छी शिक्षा देने का प्रयास कर रही है। इस अवसर पर उपस्थित कोरसा सन्नू एवं नगर पंचायत अध्यक्ष कोंटा मौसम जया ने नव प्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए बच्चों को पढ़ लिखकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी एवं शिक्षा के महत्व को बताया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोंटा आकाश राव ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि नए प्रवेशी नन्हे बच्चों का निश्चय ही स्वागत होना चाहिए, इससे उनमें उत्साह बढ़ता है।

इस अवसर पर जनपद पंचायत कोंटा के अध्यक्ष सुन्नम नागेश, जी. साई रेड्डी, पी. विजय, सुभाष चतुर्वेदी, टी. विजेंद्र सिंह, सेमल नरेश, मड़कम भीमा, एम. राजबाबू, उदयराज सिंह, जी. वेंकट रमना रेड्डी, ग्राम पंचायत डोंदरा की सरपंच सेमल नागमणी, आर. मुरली, बलिराम नायक, पार्षद अम्बाती देवी, मद्कम बाबू राव, पुल्ली गोलू, मढकम विजय, सूर्यकान्त सिंह भोला, समीर कीर्तनिया, पूर्णा चंद्र नायडू, पवन सिद्धू, अमितेश, कृष्ण कुमारी, अन्नपूर्णा दुबे, जी. नागमणि, के. सुनीता एवं विकासखंड स्रोत समन्वयक वीरभद्र राव, मंडल संयोजक पी. श्रीनिवास, संकुल समन्वयक, विभिन्न संस्थाओं से आये शिक्षक , छात्र-छात्राएं व अभिभावक मौजूद थे।

## आदिवासी छात्र के हत्या के विरोध में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा

बस्तर के अनाथ आदिवासी छात्र का अपहरण कर बदमाशों ने उसकी हत्या कर दी। जिसके विरोध में बुधवार को कांग्रेसियों ने धरना प्रदर्शन कर एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा और दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

कांग्रेस कमेटी लोहंडीगुड़ा के पदाधिकारियों ने कहा कि मंगल राम कश्यप (21) वर्ष जाति मुरिया ग्राम बड़े धाराऊर ब्लॉक लोहंडीगुड़ा जिला बस्तर छत्तीसगढ़ का निवासी था, जो की अनाथ था। मंगल मुरिया रायपुर के निजी कॉलेज में प्रथम वर्ष का छात्र था, जिसे बदमाशों द्वारा पता बताने के बहाने ले जाकर एटीएम कार्ड छीन कर, उसका पिन नंबर व पासवर्ड पूछने लगे। छात्र मंगल के द्वारा पासवर्ड बताने से इंकार करने पर बदमाशों ने मारपीट करते हुए जमीन में पटक पटक कर उसे मार डाला। जिससे घटनास्थल पर ही मंगल की मृत्यु हो गई। जिसके विरोध में कांग्रेस कार्यालय के सामने कांग्रेसियों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। तत्पश्चात एसडीएम कार्यालय जाकर एसडीएम शंकर सिन्हा को ज्ञापन सौंप कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

इस अवसर पर सुशील मौर्य जिला अध्यक्ष, जावेद खान प्रवक्ता, सूरज कश्यप प्रदेश उपाध्यक्ष, नीलम कश्यप ग्रामीण अध्यक्ष, लक्ष्मण कश्यप ब्लॉक अध्यक्ष, जयंती यादव, मालती बैज जिला पंचायत सदस्य, योगेश बैज, सहदेव नाग, महादेव नाग, भंवर कश्यप युवा कांग्रेस चित्रकोट अध्यक्ष, सीमांचल ठाकुर युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष समे अन्य उपस्थित थे।

## नए कानून से आमजन को मिलेगा लाभ : नायडू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



देश में लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की एनडीए सरकार आयी और अंग्रेज जमाने के थोपे गए औपनिवेशिक अपराध कानूनों से आजाद कराकर आम लोगों के हित में तीन कानून को संशोधन कर सरल व्यवस्था बनाया गया। एक जुलाई हमारे आजाद देश भारत के इतिहास में एक ऐतिहासिक दिन रहा हैं। एक विकसित होते समाज को ऐसे कानूनों की आवश्यकता है, जो उसकी जरूरतों तथा मांगों को पूरा कर सके, उनके अधिकारों की रक्षा करें और न्याय व्यवस्था को और मजबूती के साथ सभी को इंसाफ मिल सके। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री पूर्णा चंद नायडू ने कहा यह तीनों कानून में संशोधन महिलाओं तथा बच्चों के खिलाफ अपराधों पर एक अलग अध्याय है, जो विशिष्टता सुनिश्चित करेगा और अपराधियों को इन अपराधों को करने से रोकेगा भी। उन्होंने कहा कि नए कानूनों का उद्देश्य न्याय उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में तेजी लाना भी है। अगर आपराधिक मामलों में कोई फैसला सुरक्षित रखा जाता है, तो उस पर 45 दिन के भीतर निर्णय देना होगा। प्रावधान न्यायिक सेवानिवृत्ति और पीठों के पुनर्गठन से होने वाली देरी से निपटता है, जिससे सभी के लिए समय पर न्याय सुनिश्चित होगा। इन कानूनों के व्यापक सामाजिक असर हैं और नए कानून इस तथ्य का प्रतीक हैं कि एक नया भारत हमारे सांसदों द्वारा विधिवत अधिनियमित कानूनों को अपनाने के लिए तैयार है।

## नवीन कानून को लेकर स्कूली बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

1 जुलाई से देश में लागू हो रहे नये कानून को लेकर आज थाना प्रांगण में एसपी जितेंद्र यादव के निर्देश में एसडीओपी मयंकरण सिंह व थाना प्रभारी जीवन कुमार जांगड़े ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी, एसडीएम यशवंत नाग, मंडल अध्यक्ष यालम वेंकट, व्यापारी संघ अध्यक्ष जी. प्रेम कुमार, समाज प्रमुख, गणमान्य नागरिक, पत्रकारगण एवं जन सामान्य और स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जो थाना भोपालपटनम से



निकलकर मुख्य मार्ग से होते हुए तहसील कार्यालय से वापस थाना में रैली का समापन हुआ। जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी ने कहा अंग्रेजों के बनाये कानूनों में केंद्र सरकार ने संविधान में संशोधन कर आज से नए कानून लागू किये है, इसको अपडेट किया गया है। बहुत से अच्छे प्रवधान है, महिलाओं व नाबालिकों पर अत्याचार पर सजा में उम्र कैद का भी प्रवधान है। अब घर बैठे आप एफआईआर दर्ज करवा सकते है,नए कानून का उन्होंने स्वागत किया है। एसडीएम यशवंत नाग व थाना प्रभारी जीवन कुमार जांगड़े ने मौजूद सभी लोगों को नए कानून की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर भाजपा मंडल से गिरजा शंकर तमाड़ी, अमीर खान, सचिन आत्रम, गोविंद कुमरे, बी.वेंकटेश्वर व्यापारी संघ से जी.मुरलीधर, तेजनारायण, अनिल जन्नम, टी.नारायण, रियाज खान, पी.लक्ष्मीनारायण व अन्य ग्रामीण एवं कन्या हाई स्कूल व डीएवी के छात्र-छात्रएं उपस्थित थे।

## दुर्गा पॉलिक्लीनिक में मिल रहा चिकित्सा विशेषज्ञों का परामर्श



**बिजनेस साइट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मानव सेवा ही माधव सेवा की सोच के साथ दुर्गा पॉलिक्लीनिक एवं मेडिकोज ने नगरवासियों के लिए एक ही छत के नीचे चिकित्सा विशेषज्ञों की परामर्श सुविधा उपलब्ध करवाई है। लंबे समय तक महानगरों की दौड़ लगाकर चिकित्सा करवा रहे मरिजों को इससे बेहद राहत मिली है।

संस्थान में उड़ीसा एवं विशाखापटनम के बेहतरीन चिकित्सकों की टीम प्रति शनिवार एवं रविवार को विसीट के लिए आ रहे है एवं मरीजों को चिकित्सा लाभ मिल रहा है। इसमें न्यूरो सर्जन डॉ. पीके स्वर्णकार, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. एनवीएस विनय, चर्मरोग विशेषज्ञ डॉ के सौजन्या, उदर रोग विशेषज्ञ डॉ. बीबी दास, गैस्ट्रोलोजिस्ट डॉ. दुर्गा भवानी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अनुषा कांति महंती, मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिलाश जैन भंसाली एवं हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश दुब्बा प्रमुख है। इसके साथ ही जगदलपुर के अनुभवी चिकित्सकों का परामर्श प्रतिदिन क्लीनिक में मरीजों को मिल रहा है।

### डॉ. पीके स्वर्णकार रविवार को शहर में

एसएलएन मेडिकल कॉलेज कोरापुट के चीफ न्यूरो कंसलटेंट व सुप्रसिद्ध न्यूरो सर्जन डॉ. पीके स्वर्णकार रविवार 7 जुलाई को शहर में परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे। सिर पर चोट, सिरदर्द, फिट्स आना, ब्रेन स्ट्रोक, जोड़ो में दर्द जैसी सभी समस्याओं के लिए डॉ. पीके स्वर्णकार के परामर्श एवं अनुभव का मरीज लाभ ले सकते हैं। डॉ. स्वर्णकार एसबीआई रोड स्थित दुर्गा मेडिकोज, दुर्गा पॉलिक्लीनिक में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे।

## पुरानी पेंशन से वंचित शिक्षक एलबी संवर्ग को नियुक्ति तिथि से पूर्ण पेंशन दे सरकार: संघ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ छग के प्रदेश अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी एवं प्रदेश महासचिव देशनाथ पांडे ने संयुक्त बयान में बताया कि छग सरकार 2022 में छग के समस्त शासकीय कर्मचारी जिनकी नियुक्ति 2004 के बाद हुई है, उनके लिए पुरानी पेंशन की घोषणा की है।

लेकिन छग में एक ऐसा शिक्षक संवर्ग जो शासकीय शालाओं में 1998 से सेवा दे रहें हैं, जिसे पंचायत भर्ती समझकर 20 वर्ष की सेवा को शून्य कर पुरानी पेंशन से दूर किया जा रहा है। जबकि कार्यभारित, दैनिक वेतन भोगी, अंश कालीन कर्मचारियों को उनकी पिछली सेवा को भी गणना कर पेंशन दिया जा रहा है। 1998-99 से कार्यरत ऐसे कई शिक्षक सेवानिवृत्त हो चुके हैं और बहुत से शिक्षक सेवानिवृत्त के कगार पर हैं। 1998-99 में भर्ती किसी भी शिक्षक का सेवा पूर्ण पेंशन के दायरे में नहीं हैं। क्योंकि संविलियन तिथि 2018 को नियुक्ति तिथि मानकर सरकार पेंशन देना चाहती है। 1998-99 से लेकर 2018 तक जितने भी शिक्षक भर्ती हुआ है। सभी की सेवा को शून्य घोषित किया गया है। सभी प्रभावित हैं लेकिन सबसे अधिक नुकसान 1998 के एलबी संवर्ग को हुआ है। 1998-99 से लेकर 2018 तक जिन शिक्षकों को शिक्षाकर्मी, पंचायत शिक्षक समझकर शासकीय मानते रही और न कभी हमें 35 किलो चांवल मिला, ना आवास मिला, ना सरकार की कोई योजना का लाभ मिला। जबकि हमने 500 रुपए मानदेय में उपेक्षित, अपमानित, संघर्ष पूर्ण और अभाव में जीवन जी कर दूर-दराज गांवों में सेवाएं दी है। जब हमें सरकारी लाभ देने का था, तब हमें शासकीय कर्मचारी के श्रेणी में गिनती कर सरकारी योजना से दूर किया गया। आज जब पेंशन देने की बात आई तो हमारी 20 वर्ष की सेवा को अशासकीय माना जा रहा है। हमारे साथ कहां का न्याय है। हमारे साथ कितना अन्याय है हमारा स्कूल एक है, सेवा पुस्तिका एक है, वेतन मान पर सरकार का काम किया है। जबकि केन्द्र सरकार भी 2004 के पूर्व भर्ती समस्त कर्मचारी जिनका शासकीयकरण 2004 के बाद हुआ है। ऐसे समस्त कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ देने का आदेश समस्त राज्य शासन ने दिया है। जबकि छग सरकार अभी तक हमारे साथ न्याय नहीं कर पाई है, यहि हमारा दुर्भाग्य है। राष्ट्र निर्माण करने वाले शिक्षकों के साथ इस तरह का भेद-भाव एक संवेदनशील सरकार के लिए बहुत ही दुखः का विषय है। अपने संयुक्त ब्यान में उन्होंने अपने सभी साथियों से कहा है कि छत्तीसगढ़ के सभी विधायकों, मंत्रियों एवं सांसदों को ज्ञापन देकर पुरानी पेंशन हेतु आदेश प्रसारित करवाये, ताकि 1998-99 संवर्ग का भविष्य सुखद हो। इसके बाद भी यदि सरकार हमारे मांगों को पूरा नहीं करती तो, ये प्रदेश सरकार के लिए दुर्भाग्य पूर्ण होगा और छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्यंत्री द्वारा घोषित सुशासन पर प्रश्न चिन्ह लगेगा।

## धूमधाम से मना शाला प्रवेश उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव नगर पंचायत बस्तर के फरसापारा हाई स्कूल में मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप व उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात बालिकाओं के द्वारा आदिवासी बाला नृत्य पर मनमोहक प्रस्तुति दी गई। अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर उन्हें पाठ्य पुस्तक व गणेश प्रदान कर उनका स्वागत किया। विकासखंड स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेरिट स्थान लाये 10वीं में निधि नेताम, रौनक विश्वकर्मा, प्रेरणा कुर्रे एवं 12वीं में बनमाली बघेल एवं नीट परीक्षा में भैंसगांव की बालिका पूर्णिमा मौर्य को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को अतिथियों ने संबोधित किया। इसके पश्चात अतिथियों के द्वारा फल व छायादार पौधों का रोपण कर न्योता भोज कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष मोहन मौर्य, नपं अध्यक्ष डोमाय मौर्य, शालीना सैमसंन, किरण सेन, रमेश कश्यप, लक्ष्मण, हयात खान, किरण सेठिया, नरेंद्र जोशी, चंदन झा, बीईओ लोकनाथ नाग, एबीईओ सुशील तिवारी, सीएमओ तरुणपाल लहरे, बीआरसी राजेंद्र सिंह ठाकुर सहित ब्लॉक के हाईस्कूल व हायरसेकेण्डरी स्कूल के प्राचार्य उपस्थित रहे।

## एक पेड़ मां के नाम, कलेक्टर और सीईओ ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

एक पेड़ मां के नाम थीम पर कलेक्टर विजय दयाराम के. परिवार के साथ अपने शासकीय निवास के परिसर में पौधा रोपण किये। इसी प्रकार जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे ने भी अपने निवास में पौधरोपण किया। इस अवसर पर वन विभाग का अमला भी मौजूद रहा। ज्ञात हो कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारम्भ किया है, और देशवासियों के साथ दुनियाभर के लोगों से आग्रह किया है कि वे अपनी मां के साथ मिलकर या उनके नाम पर एक पेड़ अवश्य लगाये। बस्तर में वन विभाग के सौजन्य से एक पेड़ मां के नाम थीम पर निःशुल्क पौधों का वितरण किया जा रहा है। बस्तर वनमंडल द्वारा 1 जुलाई से हरियाली प्रसार योजना के तहत भी पौधों का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है।






### लगाये जा रहे पीपल के पेड़



**तोकापाल।** चित्रकोट वन परिक्षेत्र अंतर्गत केशलुर से कोड़ेनार हाइवे किनारे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत दो हजार दो सौ पीपल के पौधे लगाए जा रहे हैं। दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया है और इसी अभियान के तहत बुधवार को वन विभाग के द्वारा जिला पंचायत सदस्य भंडारी तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष सोमारू राम कश्यप के हाथों पीपल के पौधे लगाए गए। इस दौरान भंडारी ने कहा कि शुद्ध वातावरण और बेहतर ऑक्सीजन के लिए प्रत्येक व्यक्ति अपने आस-पास खाली जमीन पर पौधे लगाए और आने वाली पीढ़ी के लिए एक अच्छा वातावरण छोड़े। पेड़ के धुआंधार कटाई के कारण प्राकृतिक वातावरण में प्रभाव पड़ा है और इसे हल्के में लेना हमारे लिए सबसे बड़ी भूल है। हम सब प्रधानमंत्री के इस अभियान को सफल बनाए और एक पेड़ मां के नाम लगाएं। इस कार्यक्रम के दौरान सरपंच, पंच और चित्रकोट वन परिक्षेत्र के डिप्टी रेंजर राजकुमार मिश्रा, राम कांदा, महादेव ठाकुर, मंगलसाय कश्यप, चैतन कश्यप सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

1 जुलाई को संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन प्रा.शाला. भोपालपटनम में सम्पन्न हुआ। संकुल केंद्र ए.बी. के नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि यालम वेंकट ने प्रवेश उत्सव और स्कूल फिर चले अभियान की शुरूआत सरस्वती मां के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस मौके पर नवप्रवेशी बालक-बालिकाओं का तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया। संकुल केंद्र भोपालपटनम में 45 नव प्रवेशी बच्चों का दाखिला हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यालम वेंकट भाजपा मंडल अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि गिरजा शंकर, सचिन आत्राम, साई चेट्टी, जीएल स्वामी, गोविंद कुमरे थे। इसी संकुल से सेवानिवृत्त हुए शिक्षक मुरली मनोहर गुरला और मिच्चा रामैया शिक्षक का श्रीफल और शाल भेंट कर अतिथियों ने सम्मान किया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक हरीश उप्पल, प्राचार्य एन. राजेश, बी. मधुराव, एपीसी श्रीनिवास एटला, हेडमास्टर मकबूल अहमद, संजय चिंतुर, कमल सिंह कोर्राम, राकेश केतारफ, महबुबी खान, नवीना लेखाम व अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस पर बच्चों ने दिया संदेश

**चारामा।** अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस हर साल 3 जुलाई को मनाया जाता है। शासकीय माध्यमिक विद्यालय रतेसरा के शिक्षकों एवं बच्चों ने इस अभियान में लोगों से बहानेबाजी के पीछे छिपने की बजाय जिम्मेदारी लेने और एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक बैग का इस्तेमाल बंद करने का आव्हन किया गया। गांव के किराना दुकान व्यापारी एवं आम जनता ग्राहकों को प्लास्टिक बैग, झिल्ली के उपयोग के अपेक्षा कपड़ा बैग उपयोग करने जागरुक किया। शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि इस दिन को मनाने का मकसद प्लास्टिक बैग की उपयोगिता को कम करना और इसके सुरक्षित विकल्पों के बारे में लोगों को बताना है। प्लास्टिक से पर्यावरण को तो नुकसान पहुंचता ही है, साथ ही यह हमारी सेहत के लिए भी बेहद खतरनाक होता है। हम सभी को प्लास्टिक पॉल्यूशन के गंभीर खतरों के बारे में जानना बहुत जरूरी है। यह हमारे वर्तमान को तो खराब कर ही रहा है, साथ ही आने वाले जनरेशन को भी प्रभावित कर सकता है। आज कपड़ों से लेकर ब्यूटी प्रोडक्ट्स और पैकेजिंग तक में प्लास्टिक का इस्तेमाल हो रहा है। इस जागरूकता अभियान में शाला शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार साहू, रामेश्वरी तारम, उमेश साहू एवं स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

### माड़पखांजूर में शाला पढई तिहार व प्रवेशोत्सव मनाया

**कोरर /बांदे।** सुदूर वनांचल मे बसा ग्राम माड़पखांजुर के शास.प्रा./मा.शाला मे शालाप्रवेशोत्सव मनाया गया। वर्षों बाद पहली बार ग्रामीण बडी संख्या मे शाला आकर इस आयोजन मे शामिल हुए। गांव की महिलाए अपने बच्चों की शिक्षा के लिए आगे आकर बच्चों को शाला में प्रवेश कराया। ग्रामीण महिलाओं के द्वारा रेला गीत गाकर नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत किया गया जो आकषर्ण का केंद्र बनी।जनप्रतिनिधि इरगू आचला के द्वारा नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर शाला प्रवेश कराया गया साथ ही नवप्रवेशी बच्चों को गणवेश और पाठ्यपुस्तक प्रदान किया गया। ग्रामीणों की उपस्थिति में पढई तिहार का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत कई गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें लिंगीबाई गोटा व पुन्नी गुण्डरू को स्मार्ट माता के रूप में चुना गया एवं उन्हें उपहार भी प्रदान किया गया। साथ ही शासन की महत्वपूर्ण योजना न्योता भोजन का भी आयोजन इरगू आचला व ग्राम पटेल सोमाराम कोवाची के द्वारा कराया गया। न्योता भोजन में बच्चों को पुड़ी, आलू पनीर की सब्जी खिलाया गया।शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पाण्डया कोवाची, उपाध्यक्ष मंगु नरेटी ,पोरीबाई, पुन्नी बाई, लिंगीबाई के अलावा बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन मे शाला के शिक्षक अजय सिकदार ,नरेश मंडावी, गोविंद राम नरवास, शैलेन्द्र ठाकुर, रवित नुरूटी भोजराज गावडे के साथ क्षेत्र के संकुल समन्वयक खिलेन्द्र भुआर्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### बैठक में शिक्षा का स्तर बढ़ाने पर मंथन

**जगदलपुर।** नवीन सत्र 2024-25 के लिए शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की प्रथम बैठक का आयोजन ज.मा.शा.बहु.उच्च.मा. विद्यालय में समिति के अध्यक्ष राकेश तिवारी, सदस्य आलोक अवस्थी, अखिलेश शुक्ला, रितेश सोनी की उपस्थिति में हुई। अध्यक्ष ने समिति के सदस्यों तथा पालकों को संस्था के बहुमुखी विकास, छात्र-छात्राओं में अध्ययन के प्रति जागरूकता तथा शिक्षक शिक्षिकाओं में अध्यापन के प्रति निष्ठा की बाते अपने उदबोधन में कही। प्राचार्य बीएस रामकुमार ने समिति को संस्था के गौरव में वृद्धि के लिए निष्ठा और समर्पण भाव से कार्य करने आश्वस्त किया। इस दौरान अध्यापक सूर्या राव, हेमंत पाणीग्राही, पवन दीक्षित, हरेंद्र राजपूत, निरंजन दास, नवनीत कमल, दीप्ति ठाकुर, वंदना राय उपस्थित थे।

---

**प्रवेशोत्सव : हाई स्कूल परवी में प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया**

# छात्रों का तिलक लगाकर किया अभिनंदन यूनिफार्म, किताबें बांटी व मिठाई खिलाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

शाला प्रवेश उत्स्व हाई स्कूल परवी में धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती इंद्रा आरदे जनपद अध्यक्ष एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत परवी के सरपंच लीलेश्वरी दुग्गा ने की,विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के ब्लाक उपाध्यक्ष राजेंद्र ध्रुवे शामिल हुए।

कार्यक्रम में कक्षा छटवीं में प्रवेश लेने छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर मुँह मिठा कर स्वागत अभिनन्दन किया गया साथ ही साथ कक्षा नवमी में प्रवेश लेने वाले बच्चों को सरस्वती साईकिल योजना के अंतर्गत निःशुल्क साईकिल प्रदान किया गया कार्यक्रम में उपस्थित भारतीय जनता युवा मोर्चा ब्लाक उपाध्यक्ष राजेंद्र ध्रुवे के हाथों निःशुल्क पुस्तक एवं गणवेश वितरण किया गया, हाई स्कूल परवी के इकोक्लब प्रभारी सुश्री योगिता यादव के द्वारा पुरे हाई स्कूल मैदान में टीम वर्क के द्वारा वृक्षारोपण करवाया गया है जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार के फल दार एवं औषधि युक्त पौधे लगवाए गए हैं,,कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि इंद्रा आरदे ने कहा कि बच्चें भगवान के रूप होते है इन्हें प्रतिदिन स्कूल भेजें और शिक्षक साथी प्रतिदिन इन्हें अच्छे ढंग से पढ़ाई लिखाई करवाए कार्यक्रम में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ब्लाक उपाध्यक्ष श्री राजेंद्र ध्रुवे ने कहा कि शासन प्रसा शन के द्वारा निशुल्क पुस्तक एवं गणवेश वितरण किया जाता है साथ ही साथ कक्षा नवमी में प्रवेश लेने वाले बच्चों को निशुल्क साईकिल वितरण किया जा रहा इसलिए बच्चें स्कूल आने हेतु सदैव तत्पर रहें और अच्छे ढंग से पढ़ाई लिखाई कर आगे कलेक्टर डॉक्टर बने,कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे लीलेश्वरी दुग्गा ने बच्चों को प्रतिदिन शाला समय में स्कूल आने हेतु प्रेरित किया। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से संकुल प्राचार्य शोभिराम कचलाम एस एस गायकवाड़ गोविन्द साहू कली राम खड़े, अनिल भगाड़े योगिता यादव,अम्बेश्वरी तिरसुनिया माधुरी वर्मा,योगमाया साहू प्रीतम सिँह भालेन्द्र, ईश्वरी समरथ तारेद्रा कश्यप राजेश चतुर्वेदी,दशरू राम मंडावी राधे मंडावी अशोक पाण्डेय कलेश्वरी मण्डावी,सुमित्रा मण्डावी, सुरेखा मंडावी एवं समस्त छात्र छात्राएं शामिल हुए।



### जनपद सदस्य ने वाटर फिल्टर प्रदान किया

**भानुप्रतापपुर।** शासकीय हाईस्कूल करमोती में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि कमलेश निषाद जनपद सदस्य,अध्यक्ष बालो पोटाई विशेष अतिथि चंद्रकांत पटेल, रम्भा ,पूनम,कामडी, ने कक्षा पहिली, छठवी,के बच्चों को पुस्तकें, गणवेश और नवमी के छात्रों को पुस्तकें तथा छात्राओं को सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत सायकल वितरण किए।इसके पूर्व अतिथियों ने विद्यालय परिसर में एक पेड़ माँ के नाम पर पौधारोपण किया।जनपद सदस्य कमलेश निषाद ने विद्यालय को शुद्ध जल हेतु वाटर फिल्टर प्रदान किया । इस अवसर पर चंद्रकांत पोटाई,रामाधीन गावड़े,अमित सेन ,कन्हैया कचलाम, लक्ष्मण निषाद,जनपद प्रा०शा० ,माध्यमिक शाला और हाईस्कूल के शिक्षक,व्याख्याता उपस्थित थे। संचालन श्रीमती नीतू लाटिया और प्राचार्य गणेश यदु ने आभार प्रदर्शन किया।

### छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया

**भानुप्रतापपुर ।** शास.प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला कनकपुर में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें देवराज उईके सरपंच (मुख्य अतिथि), विशेष अतिथि संगीता ठाकुर संकुल प्राचार्य, कंवल सिंह नेताम शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष, टेटकू राम गावड़े उपाध्यक्ष, प्रदीप हुर्रा उपसरपंच, श्रवण उइके शिक्षाविद् तथा समिति के अन्य सदस्यगण, बंसीलाल मंडावी ग्राम पटेल, आनंद यदु एवं मंदरिया सर संकुल समन्वयक, गणमान्य नागरिकगण, पालकगण तथा शाला परिवार की उपस्थिति में अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया तथा नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को गणवेश व पुस्तक वितरण किया गया।आनंद यदु संकुल समन्वयक, देवराज उईके सरपंच, संगीता ठाकुर प्राचार्य द्वारा शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए पालकों से बच्चों को नियमित शाला भेजने एवं घर में भी बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान देने हेतु आग्रह किया गया। इस अवसर पर शाला परिवार की ओर से न्योता भोजन करवाया गया।



### संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव

**भानुप्रतापपुर।** प्रा. शा. खड़का मे संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमे इंद्रा आरदे जनपद सदस्य (मुख्य अतिथि),लीलेश्वरी दुग्गा सरपंच परवी(अध्यक्षता), राजेंद्र ध्रुवा उपाध्यक्ष युवा मोर्चा भानुप्रतापपुर (विशेष अतिथि)चमरा राम सलाम (पंच खड़का) सामो बाई दुग्गा (पंच खड़का), सुभाऊ राम सलाम (ग्राम पटेल) बिदेसिंह मतलामी (ग्रामवासी), माखन लाल मंडावी (उपाध्यक्ष जनभागीदारी) कँगलू राम उसेंडी (ग्रामवासी) एवं संकुल केंद्र परवी के अंतर्गत आने वाले समस्त संस्था के शिक्षकगण व बच्चे पालकगण भी उपस्थित रहे इस प्रवेश उत्सव समारोह में शाला के कक्षा पहली छटवी नौवी तक के नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया तथा नवप्रवेशी छात्र छात्राओं को पुस्तक एवं गणवेश वितरण कर तिलक लगाकर मुंह मीठा कराया गया तत्पश्चात सभी मुख्य अतिथियों द्वारा बारी बारी से उद्बोधन के रूप मे पालको से आग्रह किया गया की प्रतिदिन बच्चों को तैयार कर शाला भेजे और घर पर भी बच्चों के पढ़ाई पर ध्यान देवे इस कार्यक्रम के अंत मे श्री कालीराम खड़हे प्रा.पाठक केवटी के द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे सभी शिक्षको का बढ़ा योगदान रहा विशेष रूप से संकुल प्राचार्य श्री शोभीराम कचलाम,श्री प्रीतम कुमार उइके संकुल समन्वयक, श्री एस.एस.गायकवाड,श्री गोविन्द राम साहू एवं संकुल केंद्र परवी के अंतर्गत आने वाले स्कूलों के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओ का योगदान रहा।

### प्रवेशोत्सव में पेन, कापी बांटी और खिलाई मिठाई

**भानुप्रतापपुर।** स्कूल आ पढ़े बर जिनगी ला गढ़े बर पढ़ई तिहार एक जरिया है ज्ञान के दीप जलाने को बढ़िया है उपरोक्त शीर्षक पर शिक्षा की अलख जगाने को आकर्षक और रोचक प्रायोजित पहल पर शालाओं में नव प्रवेशित कक्षा पहली एवं कक्षा छठवीं ,कक्षा नवमी में दाखिल छात्र छात्राओं को शाला स्तर में प्रवेश के बाद संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव एवं पढ़ई तिहार का संयुक्त कार्यक्रम में सभी बच्चों को स्लेट ,कापी पेन वितरण करके मीठा खिलाकर तिलक लगाते हुए ,माता उन्मुखीकरण अंगना मा शिक्षा में घर पर बच्चों को बुनियादी शिक्षा प्रदान करने के



लिए स्मार्ट माता का चयन करके एवं पौधरोपण सहित अन्य शैक्षिक कार्यक्रम को सम्मिलित करते हुए शाला प्रांगण कानागांव में आयोजित किया गया ।इसमें सभी नवप्रवेशित सहित अध्यापन छात्र-छात्राएं और ग्राम गायत उयके सरपंच ग्राम पंचायत कानागांव ,कार्यक्रम को सफल बनाने में संकुल प्राचार्य संपत जैन , कमलकंठ टेकाम , धनेलिया , घुरऊ राना , हिरेंद्र देवांगन , सरिता उयके, सूरजबती नेताम, लक्ष्मी देहारी, निलीमा साहू , योगिता सोरी, संतोष सिन्हा संकुल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का पूर्ण योगदान रहा एवं कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन संकुल समन्वयक बुलावण्ड रोहित बघेल ने किया।

---

## प्रवेशोत्सव में विद्यार्थियों का स्वागत



**कांकेर।** विकासखंड कांकेर के ग्राम इच्छापुर में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अतिथियों ने स्कूल में आने वाले सभी छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत करते हुए पुस्तकें व गणवेश का वितरण किया गया।

जनपद सदस्य राजेश भास्कर ने कहा कि पूर्व और अब में बहुत अंतर है। पहले हम लोग बहुत दूर पढ़ने जाते थे, अब शासन ने नजदीक नजदीक बहुत सारे स्कूल पालकों एवं छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए खुलवा दिया है। यदि हम उन सुविधाओं का लाभ नहीं लेंगे, तो हमारा दुर्भाग्य है। पालकों से कहा कि आप अपने बच्चों को स्कूल भेजिए, उनको पढ़ने का अवसर दीजिए। शासन ने कक्षा दसवीं तक निःशुल्क पाठ्य पुस्तक व गणवेश उपलब्ध करा रही हैं, वह यह सोचकर कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। अंतिम कड़ी में प्राथमिक शाला इच्छापुर के द्वारा अंगना में शिक्षा कार्यक्रम भी रखा गया था, जिसका अवलोकन अतिथियों के द्वारा किया गया एवं प्रसन्नता व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शासकीय उमावि इच्छापुर के शिक्षक सतीश चंद्र प्रसाद एवं सह कार्यक्रम अधिकारी कविता नेताम ने किया।

इस अवसर पर सरपंच प्रतिमा तेता, पूर्व सरपंच मंसूराम कावड़े के अलावा विद्यालय का समस्त स्टाप उपस्थित रहा।



## पाऊरखेड़ा आंबा सहायिका को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**दुर्गूकोंदल।** आंगनबाड़ी केंद्र पाऊरखेड़ा के सहायिका भागोबाई पटेल के सेवानिवृत्ति होने पर सेक्टर कोदापाखा के समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने कार्यक्रम आयोजित कर विदाई दिए।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने चंदा इकट्ठा कर 31 सौ रूपएं नगद राशि और साड़ी भेंट कर सम्मानित किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जमुना माहवे, बीरम नरेटी, अंजना यादव, श्यामा टांडिया, मनारो मंडावी ने कहा कि भागोबाई हमारे बीच में रहकर ग्राम पाऊरखेड़ा में सहायिका के पद पर लंबे समय तक सेवा दिए। आज सेवानिवृत्त हो गई शासन से एक मुश्त 25 हजार रूपएं प्रदान किया जाता है। पेंशन की सुविधा नहीं है, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं से शासन काम लेती है। लेकिन सेवानिवृत्त होने के बाद कार्यकर्ता और सहायिकाओं का भविष्य दयनीय हो जाती है। शासन कार्यकर्ताओं को एकमुश्त 50 हजार और सहायिकाओं को 25 हजार रूपएं देने का प्रावधान रखा है। लेकिन सेवानिवृत्त होने वाले कार्यकर्ताओं के भविष्य के लिए पर्याप्त नहीं है। हमने सेवानिवृत्त होने वाले कार्यकर्ता और सहायिकाओं को सांत्वना स्वरूप चंदा इकट्ठा कर राशि देते हैं। इन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त सहायिका अपनी जीवन परिवार के साथ बिताए। स्वस्थ और सकुशल रहे। इस अवसर पर रेणुका शर्मा, लोकेश्वरी खरे, लोकेश जैन, ग्वालिन कुलदीप, सियाबती ध्रुव, सुन्ती पोटाई, कुंती बघेल, बिमला माहवे, सत्यभामा कांवरे, कौशिल्या टेमरे, मनोतिन नेताम, जगनी कोर्राम, अमरोतिन निषाद, चुवेली सिन्हा, मानकी, धनसो टांडिया, रेखा जैन, बसंती सोरी, सुलोचना उयका, सहित सभी कार्यकर्ता और सहायिका उपस्थित रहें।

## संकुल शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुए भाजपा नेता



**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल ब्लॉक के संकुल केंद्र आमागढ़ में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि विजय पटेल पूर्व सांसद प्रतिनिधि थे। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के छायाचित्र में पूजा अर्चना किया गया, कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के नेता शामिल हुए और कार्यक्रम को सम्बोधित किया। अतिथियों ने कहा की शिक्षा आज के स्थिति में महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है। विद्यालय एक ऐसी संस्था है जहाँ बच्चों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं नैतिक गुणों का विकास होता है। विद्यालय शब्द के लिए अंग्रेजी में स्कूल शब्द का प्रयोग होता है, यह बच्चों को एक अधिगम का परिवेश प्रदान करता है जो वांछनीय विशेषताओं और गुणों को प्रदान करता है, जो उन्हें अपने व्यक्तित्व को विकसित करने में सक्षम बनाता है। विद्यालय के अनुशासित वातावरण में बालक शिक्षा के साथ धर्म, सहयोग, उत्तरदायित्व आदि जैसे महत्वपूर्ण मूल्यों को अपना कर एक अच्छे नागरिक बनकर देश और समाज के विकास में अपना सहयोग देते है। उसके व्यक्तित्व का सामंजस्यपूर्ण विकास होता है। साथ ही साथ सांस्कृतिक गुणों का आदान प्रदान होता है। बच्चों के परिवार के बाद, विद्यालय उनके व्यक्तित्व के सकारात्मक दृष्टिकोण को विकसित करने के लिए बच्चों के व्यवहार और आदतों को प्रभावित करता है। शिक्षा के स्तरों को मजबूत करने के लिए शिक्षक विद्यार्थियों को बोलचाल की भाषा में समझाने का प्रयास करें और उन्हें शिक्षा प्रदान करें ।

कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पहली, छठवीं एवं नवमी में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक वंदन कर पुष्प भेंट किया और स्कूली किट प्रदान किया गया और कबाड़ से जुगाड़ में बेहतरीन कार्य करने वाले विद्यार्थि बिमलेश्वरी, धनेश्वरी, रेणुका, अश्वन्तिन, दामिनी, मोनिका, एवं एमएमएमएसई 2023 में चयन होने वाले हेमचंद कोरेटी को भी सम्मानित किया गया, और सभी विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनायें दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना किए व न्योता भोज का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में भाजयुमो जिला मंत्री रामचंद्र कल्लो, भाजयुमो महामंत्री विकास राजु नायक, सरपंच प्रतिनिधि रतन नरेटी, शामू मेरिया, इतवारू उइके, जवाहीर पटेल, भगवान आमला, सुरेंद्र कुमार, आयतु राम, रामसिंह, तुलसिंह, सतयावती पटेल, बसंती पटेल, देवकी पटेल, रोशनी भंडारी, बिशांतिन दुग्गा सहित संकुल आमागढ़ के ग्रामीण, पालकगण एवं शिक्षक शिक्षीकाएं उपस्थित रहें।

## प्रवेशोत्सव के साथ किया न्योता भोज का आयोजन

**कोयलीबेड़ा।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी हिन्दी माध्यम स्कूल कोयलीबेड़ा में संकूल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन क्षेत्र के जनपद सदस्य रीना बघेल के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण से हुआ एवं बच्चों को तिलक लगाकर, मूंह मिठाकर, पूस्तक व गणवेश वितरण किया गया। छात्र- छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि



ने छात्र-छात्राओं से पूरी लगन व मेहनत से पढाई करने अभिप्रेरित किया। एबीईओ अशोक टांडिया ने सभी छात्र-छात्राओं को नए शिक्षा सत्र की ढेर सारी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में रमा पुजारी सरपंच, हेमा हुपेंडी सरपंच जिरामतराई, पुसाऊ पटेल ग्राम प्रमुख, मुकेश सहारे, जीआर गढ़िया, आरआर हिड़को, जयंत शांडिल्य व शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, पालकगण, समस्त स्कूल स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

**कलेक्टर ने चीकू और सरपंच ने नारियल के पौधे लगाए**

## कलेक्टर ने बैठक में साक्षरता उल्लास कार्यक्रम की प्रगति की जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के जिले में बेहतर क्रियान्वयन के संबंध में कलेक्टर नीलेश कुमार क्षीरसागर ने बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि उल्लास कार्यक्रम के तहत सभी युवा, प्रौढ़, पुरूष एवं महिलाओं को शत-प्रतिशत बुनियादी साक्षरता प्रदान करना हमारा लक्ष्य है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी आगे बढ़कर कार्य करें। साथ ही वालेंटियर शिक्षक के रूप में कार्य करने जिले के नागरिकों को भी प्रेरित करें।

कलेक्टर ने उल्लास कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में अब तक की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली और सभी विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर ने बैठक में उपस्थित लोगों को साक्षरता अभियान को सफल बनाने के लिए शपथ भी दिलाई। बैठक में जिला




पंचायत के सीईओ सुमित अग्रवाल ने कहा कि उल्लास कार्यक्रम के तहत स्वेच्छा से अपनी सेवा देने के इच्छुक लोगों को वालेंटियर शिक्षक के रूप में चयनित किया जाना है। इसके लिए युवाओं सहित मैदानी स्तर के कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं एनजीओ के सदस्यों की भी सहायता ली जा सकती है। उन्होंने कहा कि साक्षर करने के लिए स्थलों का चयन कर उल्लास साक्षरता केन्द्र स्थापित किया जाना है। साक्षरता कार्यक्रम के जिला नोडल वैभव कुमार मेश्राम ने उल्लास कार्यक्रम के उद्देश्य एवं जिले की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत अनुशंसित उल्लासः नव भारत साक्षरता कार्यक्रम केन्द्र प्रवर्तित योजना है, जो कि सभी के लिए शिक्षा के लिए प्रारंभ की गई है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षरों को शत-प्रतिशत साक्षर किए जाने का लक्ष्य है। साक्षरता केवल पढ़ना, लिखना और अंक ज्ञान की जानकारी ही नहीं है बल्कि इससे बढ़कर कार्यात्मकता, सशक्तिकरण तथा आगे सीखते रहना है।

साक्षरता एक व्यक्ति के लिए बेहतर आजीविका व अवसरों तक पहुंचने, समुदाय के लिए समाज की एकता व सबके स्वास्थ्य व शिक्षा हेतु और देश के लिए जनतंत्र की मजबूती व आर्थिक तरक्की एवं विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने बताया कि उल्लास कार्यक्रम के पांच महत्वपूर्ण घटक हैं, जिनमें बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, बुनियादी शिक्षा, व्यावसायिक कौशल विकास एवं सतत शिक्षा शामिल है।

बैठक में जिले के सभी जनपद पंचायतों के अध्यक्षगण, जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पटेल, सभी बीईओ, एबीईओ सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### कुरना की छात्रा का नवोदय में चयन



**नरहरपुर।** विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला कुरना से जवाहर नवोदय विद्यालय करप में 3 जुलाई को लिलेश्वरी साहू का कक्षा नवमी में चयनित होने पर स्कूल का गौरव बड़ा साथ ही छात्रा शुरू से मेधावी रही है, कक्षा पांचवी आठवीं में भी अच्छे अंकों से सफलता प्राप्त की है। नवोदय विद्यालय में चयन होने पर शाला के प्रधान अध्यापक जीवन लाल कुंजाम, ने बताया कि लिलेश्वरी साहू प्रतिभावान छात्रा है, पढ़ाई की प्रति हमेशा सजग रहती है एवं लगन से पड़ती है व अनुशासन का पालन करती है, और आगे भी अच्छे से पढ़ाई कर आगे बढ़ने की अपेक्षा रखता हू। मैं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हू इस अवसर पर शिक्षक गैंदलाल सलाम, अखिलेश नामदेव, दिव्येंदु मंडल, निर्मला कोर्राम, नीतेश्वरी कोमरे। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अन्नू राम जुर्री के द्वारा छात्रा को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छैमदी, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है